हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 सितंबर 2025



तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण करने में शिक्षकों की भूमिका अहम 2




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, पुलिस की गिरफ्त में सरपंच पति समेत 9 आरोपी

# उप सरपंच की हत्या कर महानदी में फेंकी लाश, ड्रोन कैमरे से हो रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बिर्रा

ग्राम पंचायत करही का उप सरपंच दो दिन पहले रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया। बिर्रा पुलिस ने जब जांच शुरू की तो मामला हत्या का निकला। इधर ग्रामीणों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में सरपंच पति समेत 9 आरोपियों को पकड़ लिया है। आरोपियों ने उप सरपंच की हत्या कर लाश नदी में फेंक दी थी। पुलिस अब एसडीआरएफ की टीम के साथ ड्रोन कैमरे की मदद से लाश की तलाश में जुटी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के करही का उप सरपंच महेन्द्र बघेल 6 सितंबर की रातरहस्यमय तरीके से लापता हो गया। घरवालों से रात करीब 9 बजे उसकी फोन पर बात हुई थी, लेकिन उसके बाद कोई सम्पर्क नहीं हो सका। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसके बाद 7 सितंबर को बिर्रा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने परिजनों के बताए अनुसार कुछ लोगों को हिरासत में लिया। इधर कार्रवाई की मांग को लेकर 8 सितंबर को आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने बिर्रा के चौक के पास चक्का जाम कर दिया, जिससे घंटों तक आवागमन बाधित रहा। परिजनों ने बताया कि 6 सितंबर की रात सरपंच पति राजकुमार साहू ने फोन कर उप सरपंच महेन्द्र बघेल को बुलाया था, जिसके बाद रात 10 बजे के बाद महेन्द्र बघेल का फोन बंद हो गया। परिजन सरपंच पति पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।पुलिस ने किसी तरह समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराया। मामले में पुलिस ने सरपंच पति राजकुमार साहूसमेत 9 लोगों पर हत्या के मामले में एफआईआर दर्ज किया। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि रात में सरपंच के घर से निकलने के बाद उप सरपंच को शराब पिलाने के बहाने गांव के स्कूल परिसर मे बुला कर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी गई और शव को नदी मे फेंक दिया। आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने शव की तलाश शुरू कर दी है। करही गांव से लेकर महानदी के अंतिम छोर तक ड्रोन कैमरे और एस डी आर एफ के माध्यम से शव की तलाश की जा रही है। शव नहीं मिलने के स्थिति मे कानूनी सलाह लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।


चक्काजाम के दौरान स्थिति संभालती पुलिस टीम।


नदी में खोजबीन करता एसडीआरएफ का दल

#### करही से चंद्रपुर तक खोजबीन

आरोपियों ने हत्या कर शव महानदी में फेंकने की बात पुलिस को बताई है। पुलिस लगातार नदी में शव की तलाश कर रही है। नदी से लगे गांव अमोदा, परसदा, बरीकेल, मरघटी, रेनपोटा, मांजरखुर्द, कोसीर, डभरा एवं चंद्रपुर क्षेत्र के आसपास के गांव के सरपंचों और कोटवारों की भी खोजबीन में मदद ली जा रही है।नदी में मछली मारने वालों और नाव चलाने वालों को भी महेन्द्र बघेल का हुलिया बताकर संभावित स्थलों पर खोजबीन की जा रही है। पुलिस की कई टीमें स्थानीय ग्रामीणों के संपर्क में रहकर आवश्यक सूचना संकलित कर रही हैं। महानदी किनारे विशेष अभियान चलाकर ड्रोन कैमरों एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की सहायता से व्यापक स्तर पर सर्चिंग की जा रही है।

#### की जा रही सर्चिंग

पुलिस ने सरपंच पति समेत 9 आरोपियों को हत्या के अपराध में पकड़ा है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर हत्या कर लाश महानदी में फेंकना बताया है। ड्रोन कैमरे और एस डी आर एफ की मदद से लाश की सर्चिंग की जा रही है। शव नहीं मिलने की स्थिति में कानूनी सलाह लेकर आरोपियों के खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी।

-उमेश कश्यप,
एएसपी, जांजगीर चांपा



# अधिक बिजली बिल से नाराज महिलाओं ने किया विद्युत मंडल दफ्तर का घेराव

### व्यवस्था नहीं सुधरने पर सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा-खरौद

अधिक बिजली बिल की समस्या को लेकर खरौद नगर पंचायत की महिलाओं ने तुस्मा विद्युत मंडल का घेराव कर दिया। वहीं समस्या का जल्द निराकरण नहीं होने की स्थिति में सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी है। इसे लेकर विद्युत विभाग के अफसर को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

सोमवार 8 ि सतंबर को खरौद नगर पंचायत की सैकड़ों महिलाओं ने बिजली बिल के विरोध में मोर्चा खोल दिया। दोपहर 3 बजे को नगर पंचायत क्षेत्र की महिलाओं ने तुस्मा बिजली ऑफिस का घेराव करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिल असामान्य रूप से बढ़ गए हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के घरों में दो हजार रुपये से लेकर सत्तर हजार रुपये तक के बिजली बिल आ रहे हैं,जो बिल्कुल भी जायज नहीं है। महिलाओं का कहना है कि यदि इस समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया,तो वे सभी मजबूर होकर सामूहिक आत्महत्या करेंगी। इसके लिए उन्होंने सीधे तौर पर शासन और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। हाथों में तख्तियां लिए, गुस्से से भरी महिलाएं स्मार्ट मीटर बंद करो, मनमानी बिल बंद करो, बिजली विभाग होश में आओ जैसे नारे लगाते हुए बिजली कार्यालय के मुख्य गेट को क्रास करते हुए दफ्तर के सामने पहुंची। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद से लोगों पर अचानक भारी-भरकम बिलों का बोझ डाल दिया गया है। पहले जिन परिवारों का मासिक बिल 5 सौ से 7 सौ रुपये आता था,अब उन्हीं घरों में कई हजार रुपये का बिल भेजा जा रहा है। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर नरेश नेताम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से लिखा गया कि यदि विभाग जल्द ही समस्या का समाधान नहीं करता, तो सभी महिलाएं सामूहिक आत्महत्या करने पर विवश होंगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

#### कराएंगे जांच

टीम भेजकर जांच की जायेगी और जो भी त्रुटि होगी उस पर सुधार किया जायेगा। बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दी गई है। इसी वजह से पूरा यूनिट का बिल आया है।

-नरेश नेताम ,
जेई, तुस्मा

## खबर संक्षेप

### मिनी माता पुरस्कार, बहादुर कलारिन सम्मान के लिए आवेदन 26 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य अलंकरण सम्मान समारोह में महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान हेतु मिनी माता(महिला उत्थान), वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं एवं अशासकीय संस्थाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश से ''मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत एक महिला या संस्था को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष एवं नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बहादुर कलारिन सम्मान अंतर्गत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। साथ ही महिलाओं, विशेषकर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को ''वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार'' अंतर्गत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### मुक्तिधाम में फांसी से लटका मिला ऑटो चालक का शव

**चांपा।** गेमन पुल से बाईपास जाने वाली सड़क पर स्थित मुक्तिधाम में सोमवार की सुबह ऑटो चालक का शव फांसी से लटका हुआ मिला। सोमवार 8 सितंबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बायपास रोड मुक्तिधाम में एक व्यक्ति की फांसी लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल में पहुंची। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया। शव की शिनाक्त गेमन पुल बैरियर के पास रहने वाला ऑटो चालक 40 वर्षीय दर्शन सिंह चौहान पिता स्वर्गीय सुखऊ सिंह चौहान के रुप में हुई है, वह मूलतः सिवनी चांपा का रहने वाला हैं। उसकी पत्नी व बच्चे सिवनी में रहते हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध कच्ची महुआ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम लवसरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को मुखबिर सूचना पर ग्राम लवसरा में आरोपी विष्णु प्रसाद रातें पिता दरस राम रातें उम्र 38 साल निवासी लवसरा थाना बाराद्वार के द्वारा 15 लिटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए को रख कर ग्राहक का इंतजार कर रहा था, जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 8 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पत्नी ने की पति की गला दबाकर हत्या पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने एक पति की जान ले ली। चरित्र शंका और आए दिन मारपीट से परेशान होकर पत्नी ने अपने ही पति की तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला को घटना के चंद घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में चांपा पुलिस के अनुसार प्रार्थी संजय थवाईत ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 7 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे उसका जीजा सोमराज बड़ाईक शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी दुर्गा बड़ाईक को चरित्र शंका की बात को लेकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। उस समय झगड़ा शांत करा दिया गया, लेकिन रात करीब 9 बजे फिर विवाद हुआ। प्रताड़ना से तंग आकर दुर्गा बड़ाईक ने तकिए से पति सोमराज का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने सोमराज को मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चांपा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि पति शराब के नशे में चरित्र शंका को लेकर आए दिन मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तकिया जप्त कर लिया है। इस संबबंध में पुलिस ने आरोपी महिला दुर्गा बड़ाईक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के निर्देशन में की गई कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा, सिलमनी टोप्पो एवं आरक्षक वीरेश सिंह, शंकर राजपूत, मुद्रिका दुबे, संजय साहू, भूपेंद्र राठौर की विशेष भूमिका रही।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### बाराद्वार में किसान विज्ञान सम्मेलन का आयोजन आज

**बाराद्वार।** नगर पंचायत नया बाराद्वार में एक दिवसीय किसान विज्ञान सम्मेलन का आयोजन मंगलवार 9 सितंबर को रखा गया है। कार्यक्रम 11 बजे से शाम 4 बजे तक अम्बेडकर भवन बाराद्वार में आयोजित होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने आस पास के सभी किसान से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। नपं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में गौ आधारित जैविक खेती, बायो प्लांट तकनीक किट प्रबंधन युवाओं के लिए खेती एवम खाद्य प्रसंस्करण तथा फसलों में रोग प्रबंधन विषयों पर कृषि विशेषज्ञ डॉ के डी महंत, डॉ आशीष प्रधान, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ रंजित मोदी शामिल होंगे।

# दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर का मामला

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर में मुख्य मार्ग पर कुछ माह पहले तेज आंधी तूफान आने के कारण मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल धराशाई होकर गिर गया था। विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था एवं लापरवाही के कारण आज पर्यंतक मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल को हटाया नहीं गया है। जिसके कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल बम्हनीडीह के अंतर्गत सब स्टेशन बिर्रा के ग्राम बसंतपुर में बसंतपुर से किकिरदा घोघरी मुख्य मार्ग में कुछ माह पहले तेज आंधी तूफान आने के कारण विद्युत पोल धराशाई होकर मुख्य मार्ग पर गिर गया था। जिसके कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग में चलने वाले कुछ लोगों ने मिलकर विद्युत पोल को सड़क के बगल में हटा दिए। तब से लेकर आज तक विद्युत विभाग मुख्य मार्ग पर गिरे विद्युत खंभा को आज पर्यंत तक नहीं हटाया है जो बिजली विभाग की नाकामी एवं कमजोरी और विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है। यह मुख्य मार्ग सारंगढ़ से शिवरीनारायण बिलासपुर और चंद्रपुर से रायपुर, सारंगढ़ से कोरबा और चांपा को जाने वाला मुख्य मार्ग है। ग्राम बसंतपुर के पास में मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल के गिर जाने से सड़क के किनारे में घांस उग गया है। जिसके कारण आने जाने वालों को सड़क के बजाय घास, पेड़ पौधे दिखाई देते हैं। विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को साइड देने के चक्कर में गिरे हुए विद्युत खंभा से टकराकर कई वाहन चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर बिल्कुल भी नहीं है।


मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल।

# अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक को कराया बंद, मेडिकल संस्थानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

#### खास बात

- सक्ती एव मालखरौदा में स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्लीनिक संस्थानों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान किसी तरह का वैध पंजीयन नहीं पाए जाने पर संस्थान को तत्काल बंद कराया गया। वहीं मेडिकल संस्थानों की भी जांच की गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ती डॉ. पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान सोमवार 8 ि सतंबर को जिला स्तरीय जांच दल द्वारा सक्ती विकासखंड के स्टेशन रोड में संचालित के एल कुरे क्लीनिक और अकराभाठा सक्ती में संचालित मुकेश देवांगन क्लीनिक की जांच की गई। संचालित क्लिनीक में बिना किसी वैध डिग्री के चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित की जा रही थी। मौके पर नीडल, दवाईयां और इंजेक्शन आदि सामाग्री पाई गई, परंतु किसी भी तरह का वैध पंजीयन या डिग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। इस आधार पर अवैध संचालित क्लिनीक को तत्काल बंद करा दिया गया। इसी प्रकार मालखरौदा विकासखंड के ही भदरी चौक कुधरी में संचालित इंदु मेडिकल स्टोर और ज्योति मेडिकल स्टोर्स मेन रोड चरौदी की भी जांच की गई। मौके पर चिकित्सा उपकरण पाये गये, परंतु कोई मान्य डिग्री एवं पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं की गई। जिस पर विभाग द्वारा नर्सिंग होम एक्ट 2013 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से योग्य चिकित्सक से इलाज करने की अपील की है। जांच दल में नोडल नर्सिंग होम एक्ट डॉ. सुदर्शन भारद्वाज, डीएचओं डॉ. पी सिंह कंवर, औषधि निरीक्षक सुश्री नेहा मिंज, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने कीटनाशक दुकानों में दी दबिश

# खाद की कालाबाजारी व अधिक दाम में बेचने वाले संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खाद की कालाबाजारी व अधिक दामों में बेचने वाले संचालकों पर कार्रवाई कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। साथ ही 7 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए है। जिसके चलते खाद एवं कीटनाशक दवाओं की बिक्री करने वाले संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले में कृषि विभाग द्वारा संयुक्त टीम द्वारा खाद की कालाबाजारी रोकने को लेकर उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है, ताकि खाद की कालाबाजारी रूकने के साथ किसानों को समय पर खाद का वितरण किया जा सके। इसी के तहत जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन पर किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद कीटनाशक उपलब्ध हो सके तथा जिले में नकली खाद निर्माण, खाद की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर बेचने वाले व्यापारियों को रोक लगाने हेतु जिला स्तरीय टीम व विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा सतत निगरानी किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती एवं उर्वरक निरीक्षण एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड मालखरौदा द्वारा फगुरम में संचालित खाद विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता, स्कंध पंजी संधारित नहीं किया जाना एवं प्रदर्शन बोर्ड का चस्पा नहीं करने के कारण उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश- 1985 के तहत 3 फर्म संचालकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया साथ ही 07 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में प्राधिकारी पत्र निलंबन की कार्रवाई की जावेगी। कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि द्वारा किसानों को खरीफ हेतु उचित मूल्य पर खाद तथा उच्च गुणवत्तायुक्त खाद व कीटनाशक मिल सके इस हेतु विकासखण्डों में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक, कीटनाशी निरीक्षक को निजी व्यापारियों का निरीक्षण करने हेतु कहा गया है। इसके पूर्व भी सक्ती जिले में खाद के अवैध भंडारण को लेकर विभागीय टीम द्वारा कार्रवाई की गई है।


खाद गोदाम में कार्रवाई करने पहुंचे कृषि ि विभाग के अफसर।

# रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से मोबाइल व नगदी बरामद किया गया है। मामला नगरदा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कोहड़ापहाड़ी छिंदमुडा के पास कुछ लोग तासपत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके पर तस्दीक कर घेराबंदी कर दीपक कुर्रे पिता फिरत राम कुर्रे निवासी सेंदर, राजू सिंह चौहान पिता मनमोहन सिंह चौहान निवासी खैरा, प्रेम लाल महिलांगे पिता सहेत्तर लाल निवासी खैरा, राजेंद्र लहरे पिता रामलाल लहरे साकिन सेंदरी, अनिल कुमार सोनवानी पिता छेदू राम सोनवानी साकिन सेंदरी एवं डिकेश जांगड़े पिता शंकर जांगड़े उम्र 27 साल निवासी सेंदरी थाना नगरदा के फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 15 हजार एवं 6 नग मोबाईल कीमती 52 हजार 500 रुपए और 4 नग मोटर सायकल कीमती करीबन 12 हजार जुमला कीमती 1 लाख 87 हजार रुपए बरामद किया है।



## खबर संक्षेप

### मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत से मनाई ईद-मिलादुन्नबी, निकाला जुलुस



**चांपा।** नगर में सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा 5 सितम्बर को ईद-मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर में चारों दिशाओं से जुलुस निकाला गया जो जामा मस्जिद पहुंचा। हजरत पैगम्बर मोहम्मद की 1500 विलादत दिवस के अवसर पर सुन्नी मुस्लिम जमात चांपा द्वारा नगर में जुलुस निकाला गया जिसका समापन जामा मस्जिद पहुंचकर हुआ। यहां समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मुनीर मेमन सहित सचिव मण्डी के पद पर चयनित अब्दुल रहमान का सम्मान किया गया। इसके बाद आम लंगर का भी आयोजन किया गया। जुलुस में शामिल लोगों को रेलवे स्टेशन, बरपाली चौक, ईमाम बाड़ा आदि जगहों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त ईद मिलादुन्नबी के मौके पर समाज द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। जुलुस की अगुवाई शहर के पेश इमाम हाजी अख्तर मिस्बाही ने की।

### झेरिया धोबी बरेठ समाज का शपथ ग्रहण समारोह



**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी बरेठ समाज सेवा समिति संभाग बिलासपुर के सोनियापाठ परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अंबेडकर भवन बाराद्वार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा उपस्थित थे। अध्यक्षता झेरिया धोबी बरेठ समाज के संभाग अध्यक्ष रोशन लाल बरेठ, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने की। मुख्य अतिथि नारायण कुर्रे ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष तुलाराम कर्ष , उपाध्यक्ष देवीलाल बरेठ,कोषाध्यक्ष तुरेन्द्र बरेठ , सचिव पुरुषोत्तम कर्ष, सहसचिव श्याम सुंदर कर्ष को शपथ दिलाई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, सभापति आयुष शर्मा ने समाज के सभी लोगों को साथ लेके चलने का संकल्प दिलाया। साथ ही संगठित होकर कार्य करने आह्वान किया। कार्यक्रम को रोशन लाल बरेठ, अजय सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। संचालन ताराचंद बरेठ ने किया। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 2 अनिल यादव, पार्षद प्रतिनिधि हेमंत साहू, पार्षद वार्ड नंबर 6 अमित बरेठ, पार्षद वार्ड नंबर 8 पवन बंसल, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 9 भरत कर्ष, मिलाप राम कर्ष , संतोष बरेठ, बलराम कर्ष, गोपाल प्रसाद बरेठ, गजालाल कर्ष , शिवचरण बरेठ, नरेंद्र बरेठ, कीर्तिसागर बरेठ व समाज के लोग शामिल हुए।

### लोको पायलट दे रहा युवाओं को निःशुल्क कोचिंग



**कोसमंदा।** रेलवे विभाग में लोको पायलट के पद पर पदस्थ डॉक्टर टंकेश कुमार महंत युवाओं को निःशुल्क कोचिंग देने का बीड़ा उठाया है। उनके द्वारा दिए गए निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से 25 युवाओं को सरकारी विभाग में नौकरी मिल गई है। बलौदा ब्लॉक के ग्राम कमरीद निवासी डॉक्टर टंकेश कुमार महंत बचपन से गरीबी और आर्थिक तंगी के बावजूद माता पिता के प्रेरणा से गुरुजनों के मार्गदर्शन में न केवल शिक्षा ग्रहण किया बल्कि उसे शिक्षादान महादान के रूप में समाज को समर्पित कर दिया और आज उनके प्रयासों से , सही दिशा में मार्गदर्शन से सभी समाज के बच्चे अपना भविष्य बना रहे है। 2010 से ही अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से गांव और आसपास के गरीब बच्चों को शिक्षा दान करके उन्हें परीक्षा उपयोगी जानकारी निःशुल्क रूप में उपलब्ध करा रहे है।

## लायंस क्लब ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

# बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण करने में शिक्षकों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिवस गुरूवार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में परंपरानुसार मनाया गया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) पवन कोसमा के मुख्य आतिथ्य, कार्यपालिक दण्डाधिकारी प्रशांत पटेल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य तथा लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी की अध्यक्षता में लायंस स्कूल के सभागार में दोपहर 2 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल भी मंचस्थ थे।

समारोह के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैल चित्र तथा छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल द्वारा ध्वज वंदना की गई। इसके बाद विश्व शांति हेतु आधे



समारोह में मंचस्थ अतिथिगण

मिनट का मौन रखा गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का सम्मान करते हुए शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद समारोह में विशेष रूप से उपस्थित नगर के सेवानिवृत्त तथा वर्तमान शिक्षकों का सम्मान पुष्पगुच्छ व श्रीफल तथा उपहार भेंट कर किया गया। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने उपस्थित शिक्षकों का सम्मान करते हुए लायंस स्कूल के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रशांत पटेल ने अपने छात्र जीवन का स्मरण करते हुए शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही अपने छात्र को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर उनके सुनहरे भविष्य का निर्माण करता है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने गुरू की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि एक अच्छे गुरू के मार्गदर्शन में ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का निर्माण होता है। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम पवन कोसमा ने वर्तमान समय में प्रदान की जा रही शिक्षा में शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण करने में उनकी भूमिका अहम है। मंचस्थ अतिथियों सहित उपस्थित लायन सदस्यों ने समारोह में मौजूद वर्तमान तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों का रोली अक्षत से तिलक कर पुष्पहार पहनाते हुए उन्हें मिष्ठान्न तथा उपहार सामाग्री भेंटकर सम्मान किया। समारोह के दौरान लायंस स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ''शिक्षा, शिक्षक और विद्यालय'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को लायंस क्लब की ओर से श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन लायन बजरंग अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन नंदकुमार देवांगन लायन वासुदेव चंद देवांगन, लायन नारायण प्रसाद सोनी, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन मोहन गुलाबानी, लायन उत्तमप्रकाश देवांगन तथा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## शिक्षक की महत्ता और समाज निर्माण में उनके योगदान पर डाला प्रकाश

**शिवरीनारायण।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय शिवरीनारायण में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शिक्षक दिवस का भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बुद्धेश्वर केशरवानी ने की। मुख्य अतिथियों में के. पी. कश्यप (सेवानिवृत्त प्राचार्य), राम प्रसाद केशरवानी (सेवानिवृत्त शिक्षक), यू. आर. कैवर्त्य एवं बी. डी. वैष्णव (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य बसंत देवांगन ने विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण पर बल दिया। आर पी केशरवानी ने शिक्षक की महत्ता और समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। के पी कश्यप ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को साझा करते हुए शिक्षकों की प्रेरणादायक भूमिका पर चर्चा की। अन्य वक्ताओं में बी. डी. वैष्णव ने गुरु वचनों के पालन की प्रेरणा दी, वहीं आर. पी. केशरवानी ने मानव जीवन के विभिन्न गुणों पर प्रकाश डाला। यू. आर. कैवर्त्य ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए नियमित अभ्यास की महत्ता बताई। इस अवसर पर आर. के. साहू और जी. पी. साहू ने मधुर गीतों से कार्यक्रम को सरस बना दिया। व्ही. पी. जलतारे ने भी अपने विचार साझा किए। छात्र-छात्राओं – गायत्री प्रधान, मुकेश बंजारे, मेलाराम, दिव्या, रोशनी, निशा, डालेश्वरी, राधा साहू, कुनाल और साक्षी राही – ने भी शिक्षकों के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रूपसी कुंभकार ने कुशलता से किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन आर. पी. कश्यप ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण के. पी. साहू, टी. आर. कुर्रे , एच सी देवांगन एवं श्रीमती सविता साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



## शासकीय विद्यालय जेठा में राधाकृष्णन को किया गया याद

**बेलहाडीह-लवसरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेठा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर विद्यालय सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

विद्यालय के प्रधान पाठक अशोक कुमार राठौर के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रधान पाठक अशोक कुमार राठौर ने इस अवसर पर शिक्षक की महत्व और समाज निर्माण में शिक्षक एवं शिक्षा के योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षिका श्रीमती रानी घृतलहरे ने राधाकृष्णन की शिक्षाविद एवं उनके समाज निर्माण के आदर्शो को साझा किया। शिक्षिका श्रीमती पायल देवांगन ने इस अवसर पर समाज में गुरू की महत्व को विस्तार से बताया। इस अवसर पर नितिश कुमार कवंर एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे।

## शिक्षक दिवस पर बच्चों ने नृत्य, भाषण व कविता की दी प्रस्तुति

**हसौद।** मॉडर्न हाई स्कूल हसौद में 6 सितम्बर को शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने नृत्य, भाषण और कविता जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।इस अवसर पर शिक्षकों को मनोरंजक गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित नाग ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता होते हैं और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। पूरे कार्यक्रम में उल्लास और आनंद का माहौल बना रहा।



### वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होंगे जिले के कांग्रेसी

**जांजगीर-चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक जिला प्रभारी आशीष सिंह, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश पैगवार, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में 9 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़, विशाल आम सभा/ रैली दोपहर 12 बजे से बिलासपुर मुंगेली नाका मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश के सभी वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण के उपस्थिति में आयोजित होना है, जिसके तैयारी के लिए एवं संगठन सृजन व अन्य संगठनात्मक गतिविधियों के लिए विस्तारित बैठक आयोजित की गई। बिलासपुर में होने वाले वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों से कांग्रेस जन बड़ी संख्या उपस्थित होने सहमति जताई। कार्यक्रम के अंत में मंत्री केदार कश्यप द्वारा जगदलपुर में दैनिक वेतन भोगी लकवा ग्रस्त कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने के विरोध में मंत्री केदार कश्यप के इस्तीफा की मांग को लेकर पुतला दहन भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी रघुराज प्रसाद पांडे, संदीप यादव, प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडे, लोकेश राठौर, महारथी बघेल, श्रीमती सीमा राजू शर्मा, भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, शिशिर द्विवेदी, नवल सिंह ठाकुर, सदन यादव, सुनील साधवानी, चिंताराम राठौर, गोविंद कश्यप, महेश्वर टंडन, दिनेश मीरी ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्दकी ने एवं आभार प्रदर्शन नागेंद्र गुप्ता ने किया।




सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते अतिथि।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

■ सरस्वती शिशु मंदिर में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरौद में शबरी देवी शिक्षण समिति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवा निवृत वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरि सोनी संचालक हरि ज्वैलर्स शिवरीनारायण, विशिष्ट अतिथि गोरेलाल कश्यप सेवानिवृत प्रधान पाठक खरौद, बिहारी लाल भारद्वाज सेवानिवृत प्राचार्य, लखन लाल साहू सेवानिवृत्ति व्याख्याता खरौद, ईश्वरी प्रसाद केशरवानी सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक दुरपा रहे। मुख्य अतिथि हरि सोनी द्वारा प्राचीन शिक्षा पद्धति और वर्तमान शिक्षा पद्धति के बारे में बताते हुए गुरु के बिना ज्ञान को अधूरा बताया। इस सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों को माल्यार्पण कर शाल, श्रीफल, पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय स्टाफ को श्रीफल, पेन से सम्मानित किया गया। किशोर भारती एवं कन्या भारती के भैया बहनों द्वारा सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं पौधा भेंट कर जलपान कराया गया, तथा आचार्यों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा खरौद की संचालिका ब्रह्मकुमारी मंजू दीदी एवं साथियों के द्वारा आचार्यों को श्रीफल एवं पेन प्रदान कर सम्मान किया गया। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सुश्री नीलम यादव द्वारा विद्यालय को चार नग साउंड बॉक्स देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू द्वारा किया गया।

## प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने रोपे पौधे, शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के द्वारा शिक्षक दिवस के निमित्त 6 सितंबर को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुकली परिसर में पौधरोपण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सुकली की सरपंच श्रीमती कांति - सुरेंद्र धनराज, उप सरपंच श्रीमती निशा राठौर,संघ के प्रदेश अध्यक्षत के थवाईत के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में संघ के प्रांतीय सलाहकार इंजीनियर आर एस क्षत्रिय, प्रांतीय पदाधिकारी गण श्रीमती कविता तिवारी, इंजीनियर सोहन डहरिया, डॉक्टर पी के आदित्य, इंजीनियर चंद्र कुमार साहू, विनीत सालोमन, जिला सचिव के सी राठौर, कोषाध्यक्ष डी एन देवांगन, कार्यक्रम योजना प्रभारी प्रद्युम्न शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, अमृत लाल राठौर, राजेंद्र कुमार शर्मा सुशील कुमार पाण्डेय, ओंकार प्रसाद राठौर, विश्राम सिंह राठौर, रुद्रेश्वर श्रीवास चंद्र शेखर सिंह राठौर, खीमन सिंह राठौर, देवी सिंह ठाकुर, शत्रुहन राठौर, वीरेंद्र सिंह राठौर, संघ के जिला अध्यक्ष संतोष राठौर, प्रधान पाठक तुलाराम कश्यप, बोधीराम साहू, सावित्री सराफ, दीप्ति सिंह राठौर, सेवती साहू, प्रभा वैष्णव, जानकी पटेल शामिल हुए। अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सुकली की सरपंच श्रीमती कांति - सुरेंद्र धनराज, उप सरपंच श्रीमती निशा राठौर एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत में सर्व प्रथम आंवला के पौधे का पूजन कर आंवला के पौधे का रोपण कर किया गया। तत्पश्चात बादाम, कदम, आम, सीताफल, करंज के पौधे लगाए गए। प्रगतिशील पेंशनर संघ द्वारा पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। पौधरोपण पश्चात शिक्षक दिवस निमित्त शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। डॉक्टर पी के आदित्य ने मानव जीवन में वृक्षों के महत्व को बताते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा शिक्षकों के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आर के थवाईत, इंजीनियर आर एस क्षत्रिय , श्रीमती कविता तिवारी, इंजीनियर सोहन डहरिया, विनीत सालोमन ,के सी राठौर, प्रद्युम्न शर्मा, रुद्रेश्वर श्रीवास, चंद्र शेखर सिंह, प्रधान पाठक तुलाराम कश्यप, बोधीराम साहू,सरपंच एवं उप सरपंच के द्वारा पौधरोपण एवं शिक्षक दिवस पर संबोधित किया। उद्बोधन के बाद विद्यालय के शिक्षकों तथा कार्यक्रम में उपस्थित संघ सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान पेन एवं औषधीय पौधा ब्राह्मी रोपित सजीव फ्लावर पात्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय प्रवक्ता संतोष राठौर ने तथा आभार प्रदर्शन डी एन देवांगन ने किया।


पौधे लगाते अतिथि व पेशनर।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर,**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**
क्र.2641 / अ.वि.अ./ व्यपवर्तन / 2025
जांजगीर, दिनांक 28/8/25

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ठकुरदिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेशराम रात्रे पिता श्री नथराम रात्रे निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा ग्राम ठकुरदिया प.ह.नं. 10 तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1934 / 5 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59 ( 2 ) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 11/09/ 2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- मासिक, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन मे गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने अमृतसर पहुंचे सोनू सूद

**मुंबई।** पंजाब इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहा है। इस आपदा से कई परिवार प्रभावित हो चुके हैं। पंजाब की मदद के लिए कई एक्टर्स आगे आ रहे हैं और अपनी क्षमता अनुसार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अब सोनू सूद पीड़ित परिवारों की मदद के लिए अमृतसर पहुंच गए हैं। सोनू सूद ने कहा, 'मैं बागपुर, सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर, फाजिल्का, अजनाला जा रहा हूं और मैं चारों ओर जाकर स्थिति का पता लगाने की कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि आने वाले समय में, चूंकि पंजाब में अभी भी बारिश हो रही है। कई घर नष्ट हो गए हैं, लोगों की आजीविका बर्बाद हो गई है। इसलिए मैं पूरी मदद करने की कोशिश करूंगा और स्थानीय प्रशासन से उनकी जरूरतों की सूची लूंगा।'

लाइफ Style



# राशि
## खत्म की तेलुसु कडा की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिद्धू जोनालागड्डा और राशि खन्ना की आगामी फिल्म 'तेलुस कडा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए दी है और सभी क्रू सदस्यों को धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'तेलुसु कडा' की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने पांच तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वो अलग-अलग अंदाज में दिख रही हैं। साथ ही वह सीन समझकर उसे परफॉर्म करती नजर आ रही हैं और उसमें कैमरा, लाइट्स और एक्शन तीनों का संगम दिख रहा है। पोस्ट के कैप्शन में राशि खन्ना ने लिखा, 'कुछ कहानियां कैमरे बंद होने के बाद यूं ही खत्म नहीं हो जातीं, 'तेलुसु काडा' उनमें से एक है। प्यार, नुकसान और इन सबके बीच की हर चीज का सफर को आज मैं खत्म करती हूं। इस सफर में मेरे साथ चलने वाली सबसे बेहतरीन टीम का हमेशा आभारी रहूंगी। आप सभी के इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है, जिसे हमने बनाया है। आप सभी एक रोमांचक सफर के लिए तैयार रहें।' 'तेलुसु काडा' फिल्म में सिद्धू जोनालागड्डा के साथ-साथ राशि खन्ना और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल निभाती हुई नजर आएंगी। फिल्म की कहानी की बात करें तो इस फिल्म में परिवार, दोस्ती, आत्म-प्रेम, त्याग समेत कई सामाजिक पहलुओं पर बात होगी। इसका निर्देशन नीरजा कोना द्वारा किया जा रहा है।

हॉलीवुड मसाला





# टोरंटो महोत्सव में दिखाई गई शोले

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' के पुनर्स्थापित 4के संस्करण का प्रीमियर शनिवार को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 50वें संस्करण में हुआ। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान बॉबी देओल और इस फिल्म के निर्देशन रमेश सिप्पी शामिल हुए। अभिनेता बॉबी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रीमियर में हिस्सा लिया। उनके साथ फिल्म 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी, निर्माता शहजाद सिप्पी और फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर भी मौजूद थे।




# वुडी ने ट्रंप के साथ काम करने की जताई ख्वाहिश

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज फिल्ममेकर और चार बार ऑस्कर जीत चुके निर्देशक वुडी एलेन ने एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एलेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि अगर मौका मिले तो वो उन्हें दोबारा फिल्म में डायरेक्ट करना चाहेंगे। साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म सेलिब्रिटी में वुडी एलेन ने डोनाल्ड ट्रंप को खुद का किरदार निभाने का मौका दिया था। उस वक्त ट्रंप रियल एस्टेट की दुनिया के चर्चित बिजनेसमैन थे। फिल्म में उन्होंने एक छोटे से सीन में खुद को बड़े ही मजाकिया अंदाज में पेश किया था। वुडी एलेन ने हाल ही में कहा, 'ट्रंप का अंदाज और उनका शोबिज कौशल हमेशा उन्हें प्रभावित करता रहा। उनकी मानें तो सेट पर ट्रंप बेहद विनम्र, समय के पाबंद और कैमरे के सामने पूरी तरह तैयार रहते थे।'



# शेयर की हल्दी-आटे से बने बप्पा की झलक

**मुंबई।** हर साल श्रद्धालुओं से ईको फ्रेंडली बप्पा की मूर्ति घर लाने की अपील की जाती है। सितारे भी इसका पालन कर रहे हैं। इस बार अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा ने घर पर ही बप्पा की प्रतिमा को आकार दिया। राजकुमार ने हल्दी और आटे से खूबसूरत बप्पा की मूर्ति बनाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'गेहूं के आटे और हल्दी से बने हमारे गणपति से मिलिए। हमारे ईको फ्रेंडली बप्पा'। साथ में लिखा है, 'गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या'! अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को मोदक बेहद पसंद हैं। बप्पा के विसर्जन के दिन उन्होंने एक या दो नहीं, बल्कि छह मोदक खाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी वजह बताई है। श्रद्धा ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें एक प्लेट में छह मोदक रखे नजर आ रहे हैं।




# 'नायक' शाहरुख-आमिर को हुई थी ऑफर

**मुंबई।** अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की फिल्म 'नायकः द रियल हीरो' की रिलीज को 24 साल हो गए हैं। इस मौके पर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पहले शाहरुख खान और आमिर खान को ऑफर की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। मैं निर्देशक शंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। शाहरुख ने कहा था, यह किरदार अनिल के लिए ही था। ये पल हमेशा याद रहेंगे। नायक 1999 की तमिल फिल्म मुधलवन का रीमेक है। इस फिल्म में अनिल कपूर ने शिवाजी राव का किरदार निभाया है। यह कहानी शिवाजी राव (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द है, जो एक टीवी कैमरामैन और बाद में न्यूज प्रेजेंटर बनता है। उसे एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।

टीवी मसाला



# कुनिका की तान्या से हुई जबरदस्त लड़ाई...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 ऑडियंस की तरफ से जबरदस्त रिएक्शन मिल रहा है। शो में नजर आ रहे कंटेस्टेंट ने सिर्फ दो ही हफ्तों में अपनी अलग पहचान बना ली है। घरवालों में आपसी ग्रुप बन चुके हैं। जीशान, अमाल मलिक और बशीर का अपना एक ग्रुप है और तान्या मित्तल, कुनिका और नीलम का। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो कुनिका और तान्या का रिश्ता टूट चुका है। ताजा खबरों की मानें तो नए एपिसोड में इन दोनों के बीच जबरदस्त लड़ाई दिखाई जाएगी। बिग बॉस 19 की शुरुआत के दूसरे हफ्ते में तान्या, कुनिका और नीलम का ग्रुप बना था। कैप्टेंसी के टास्क से शुरू हुई इनकी दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। बिग बॉस खबरी के मुताबिक नए एपिसोड में दोनों के बीच तगड़ी लड़ाई दिखाई जाएगी। इस लड़ाई के बाद कुनिका कसम खा लेती हैं कि वो बिग बॉस में रहने के दौरान तान्या से कोई रिश्ता नहीं रखेंगी। वैसे हाल में भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। तान्या ने अपनी बात कुनिका के सामने रखी थी कि उन्हें सबके सामने किसी बात के लिए नहीं टोकना चाहिए। इसके बाद कुनिका ने उनसे बात नहीं करने को कहा था। लेकिन तान्या ने एक बार फिर कुनिका को उनका जबरा फैन बोलकर मना किया। अब फिर से लड़ाई हुई है और बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत करने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ घर में एक बड़ा हादसा टलने की खब भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर का कोई सदस्य गलती से गैस का स्विच ऑन करके भूल गया। जब सुबह ये बात घर के कैप्टेन बशीर को पता चली तो उन्होंने घरवालों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ये आज राज के एपिसोड में दिखाया जाएगा।

## कुरान में लिखा है हर धर्म का सम्मान

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अली गोनी चर्चा में हैं। बीते दिनों मुंबई में गणपति सेलिब्रेशन के दौरान उनकी गर्लफ्रेंड जैस्मीन भसीन 'गणपति बप्पा मोरिया' बोल रही थीं, लेकिन उनके ही बगल में खड़े अली चुपचाप खड़े थे। इसको लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। ये भी चर्चा होने लगी कि जैस्मीन अपने बॉयफ्रेंड के लिए अबाया पहनकर मस्जिद गई थी, लेकिन अली उनके लिए गणपति का जयकारा नहीं कर सकते! अब इन सब बातों को लेकर उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे धर्म में इसकी इजाजत नहीं है। हम पूजा वगैरह नहीं करते हैं। हम नमाज पढ़ते हैं, दुआ करते हैं और हर धर्म का सम्मान करते हैं। ये हमारे कुरान में लिखा गया है और मैं वही करता हूं।' इसके अलावा अली ने जैस्मीन के अबाया पहनकर मस्जिद जाने को लेकर भी सच्चाई का खुलासा किया।



# 1979 की वो हॉरर फिल्म जिससे लोगों की असल लाइफ में फैला था डर

**नई दिल्ली।** 1979 में आई इस हॉरर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे नजर आए थे। इस फिल्म ने लोगों की असल लाइफ में डर का माहौल पैदा कर दिया था। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे- सुनील दत्त, संजीव कुमार, विनोद मेहरा, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय, रेखा, नीतू सिंह, अमरीश पुरी और जीतेंद्र जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म में संजीव कुमार ने दूसरी बार ठाकुर का रोल निभाया था। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है जानी दुश्मन।

***फिल्म की बजट और कमाई*** : जानी दुश्मन का बजट करीब 1.3 करोड़ का था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 9 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि एक राक्षस है जो लाल जोड़ा पहने दुल्हनों को किडनैप करता है और उनकी हत्या कर देता है।

***फिल्म से बन गया था डर का माहौल*** : इस फिल्म की रिलीज के बाद कुछ गांवों में डर का ऐसा माहौल छा गया था कि दुल्हनें लाल रंग की जगह गुलाबी और नारंगी रंग का लहंगा पहनती थीं।



## संजीव कुमार नहीं करना चाहते थे फिल्म

संजीव कुमार पहले इस फिल्म को नहीं करना चाहते थे, क्योंकि वो शोले में एक बार ठाकुर का रोल निभा चुके थे। वो टाइप कास्ट नहीं होना चाहते थे। हालांकि, जब उन्होंने फिल्म का नरेशन सुना तो उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई और उन्होंने फिल्म के लिए हां कहा।

***राज कुमार कोहली ने की थी डायरेक्ट*** : जानी दुश्मन को राज कुमार कोहली ने डायरेक्ट किया है। वहीं, फिल्म को इंद्र राज आनंद, हकीम रियाज लता और जग्गी रामपाल ने लिखा था।इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.1 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

# अनुपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का जीता पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जहां एक तरफ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया। वहीं, ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को भी पुरस्कार मिला। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चला और इसमें दुनियाभर की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया।

***जिम जरमश को गोल्डन लॉयन*** : इस बार गोल्डन लॉयन अवॉर्ड यानी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब अमेरिकी निर्देशक जिम जरमश की फिल्म 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' को दिया गया। पुरस्कार लेते वक्त जरमश ने कहा कि सिनेमा उनके लिए प्रतियोगिता नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का जरिया है। उन्होंने वेनिस को कला और इतिहास से जुड़ा शहर बताते हुए इसे अपना दूसरा घर कहा।

***बेनी सैफ्दी और ड्वेन जॉनसन की जीत*** : इसके अलावा बेनी सैफ्दी की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने सिल्वर लॉयन का खिताब हासिल कर लिया। इस फिल्म ने सिल्वर लॉयन (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक) का अवॉर्ड जीता। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन ने मुख्य भूमिका निभाई। अवॉर्ड लेने के बाद सैफ्दी ने कहा कि उनकी फिल्म सहानुभूति और संवेदनशीलता को दर्शाने का प्रयास है और यही गुण आज की दुनिया के लिए सबसे जरूरी हैं। उन्होंने जॉनसन को अपना साथी और भाई कहकर सम्मानित किया।



***गाजा पर आधारित फिल्म*** : इस बार की ग्रैंड ज्यूरी प्राइज से सम्मानित हुई कौथर बेन हानिया की फिल्म 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब'। यह फिल्म गाजा में मारी गई पांच वर्षीय बच्ची की सच्ची घटना पर आधारित है। निर्देशक ने यह अवॉर्ड गाजा के रेड क्रिसेंट और राहत दलों को समर्पित किया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि हिंद की आवाज पूरी दुनिया ने सुनी लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और सिनेमा उस आवाज को जीवित रखने का जरिया बनेगा।

***'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए मिला अवॉर्ड*** : भारत के लिए इस बार का वेनिस फिल्म फेस्टिवल बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए ओरिजोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी कहती है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीदों को तलाशती हैं। यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान है।

## हॉलीवुड से होती थी तुलना, पर बगावत से लटक गया ताला
# वो भारतीय फिल्म स्टूडियो, जहां लैब टेक्नीशियन भी बना सुपरस्टार

***नई दिल्ली।*** *भारत को 20 सालों तक 40 फिल्में और अशोक कुमार, दिलीप कुमार और मधुबाला जैसे स्टार्स देने वाला वो स्टूडियो, जिसे कभी हॉलीवुड की तर्ज पर बनाया गया था। उसका अस्तित्व तीन लोगों की बगावत के कारण मिट्टी में मिल गया। आज वो जगह खंडहर बन गई है, जहां पर काम करके कोई लैब टेक्नीशियन से देश का पहला स्टार बना था और तो पहली 'ब्लॉकबस्टर' फिल्म भी मिली थी, जो थिएटर में करीब 3 सालों तक चली थी। हम बात कर रहे हैं मुंबई के पहले फिल्म स्टूडियो 'बॉम्बे टॉकीज' की, जिसे 1934 में हिमांशु राय, निरंजन पाल, बिपिन चंद्र पाल और देविका रानी ने शुरू किया था। लेकिन 1953 में ये बंद हो गया था और यहां से बनी आखिरी फिल्म 1954 में रिलीज हुई थी। और इसके बंद होने के पीछे किसी बाहरी का नहीं, बल्कि अंदर के ही उस लैब टेक्नीशियन का हाथ था, जिसे हिमांशु राय ने हीरो बनाया था।*

## हिमांशु राय की कहानी

बॉबे टॉकीज ने ही बॉलीवुड फिल्मों में गाने, ड्रामा, रोमांस जैसी चीजों की बुनियाद रखी थी, जिससे आज तक इंडस्ट्री में ब्लॉकबस्टर्स बन रही हैं। ये भारत का पहला कॉर्पोरेट फिल्म स्टूडियो था, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स थे। जिसका नाम स्टॉक एक्सचेंज में भी शामिल था। हिमांशु राय, जो अमीर बंगाली परिवार में जन्मे थे, उन्होंने इसकी शुरुआत की, जब वह कानून की डिग्री के लिए लंदन गए थे। हालांकि वहां पर उनको थिएटर का चस्का लगा और वह नाटकों में एक्ट करने लगे। यहीं पर निरंजन पाल से मुलाकात हुई, जो कि एक नाटककार थे और फ्रीडम फाइटर बिपिन चंद्र पाल के बेटे थे।

## लंदन में बनाई फिल्में

इधर, अभिनय का जादू ऐसा चढ़ा कि हिमांशु राय ने अपनी पढ़ाई-लिखाई छोड़ी और एक थिएटर ग्रुप ही तैयार कर लिया। और फिर वह उनके साथ ब्रेटेन में अलग-अलग जगह शोज करने लगे। इसके बाद उनके मन में फिल्में बनाने का ख्याल आया। वह भारतीय समाज की असलियत दिखाना चाहते थे। लेकिन उसमे वह एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहते थे। उन्होंने गौतम बुद्ध की कहानी पर आधारित फिल्म 'द लाइट ऑफ एशिया' बनाने का फैसला किया, जो कि एक मूक फिल्म थी। स्क्रिप्ट निरंजन पाल ने लिखी और जर्मनी के एमेल्का स्टूडियोज ने इसे को-प्रोड्यूस किया। फिल्म में गौतम बुध का रोल हिमांशु ने किया और 1925 में इसे इंटरनेशनल लेवल पर रिलीज किया गया। सबने पसंद किया।



**कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली बना सुपरस्टार** : 'बॉम्बे टॉकीज' ने फिल्में बनानी शुरू कीं। पहली 1935 में बनीं, जिसका नाम था 'जवानी की हवा' और कास्ट किया गया देविका और नजमुल की, जिनकी जोड़ी हिट हो गई। इसके बाद जब दोनों एक्टर्स का नाम जुड़ने लगा तो हिट ने लैब टेक्नीशियन कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली को अपनी अगली फिल्म का हीरो चुना। और यही सुपरस्टार बने। क्योंकि इसका नाम फिल्मों में अशोक कुमार रख दिया गया था। इन्होंने 'जीवन नैया', 'अछूत कन्या' जैसी फिल्में कीं और सभी एक से बढ़कर एक सुपरहिट रहीं। उनके अपोजिट देविका को कास्ट किया गया। इस स्टूडियो से हर साल तीन फिल्में बनती थी और सभी हिट होती थीं।

**'बॉम्बे टॉकीज' की स्थापना कैसे हुई?**: हिमांशु ने देविका के साथ फिल्म 'कर्मा' बनाई। उन्हें हीरोइन के तौर पर दुनिया के सामने पेश किया। इसमें ही दोनों का वो सबसे लंबा किसिंग सीन था, जिसकी चर्चा आज भी होती है। 1933 में ये लंदन में अंग्रेजी भाषा में रिलीज हुई और एक्ट्रेस की तारीफ हुई। दोंनों भारत आए और 1934 में इसे भारत में रिलीज किया, जहां ये फ्लॉप हो गई। इसके बाद हिमांशु ने हॉलीवुड की तर्ज पर भारत में एक स्टूडियो बनाने का फैसला किया। उनके आइडिया में मुंबई के नामी बिजनेसमैन राजनारायण दुबे ने पैसा लगाया और 'बॉम्बे टॉकीज लिमिटेड' तैयार हो गया, जो साउंडप्रूफ शूटिंग फ्लोर, एडिटिंग रूम्स और प्रिव्यू थिएटर मॉडर्न स्टूडियो से लैस था।

**15 साल छोटी देविका रानी से शादी** : हिमांशु राय की बनाई जा रही फिल्में जर्मनी और ब्रिटेन में तो हिट हो रही थीं। लोग पसंद कर रहे थे लेकिन भारत में उसे अच्छा रिस्पॉन्स नही मिल रहा था, जिससे वह निराश हो रहे थे। खैर। इनकी मुलाकात लंदन के आर्ट स्टूडियो में देविका रानी से हुई। वह उन्हें पहली नजर में ही अच्छी लगने लगीं। हालांकि हिमांशु की पत्नी थी। उन्होंने मैरी हेनलिन से शादी की थी और उनसे एक बेटा भी हुआ था। वह एक एक्ट्रेस और डांसर थीं। मगर 'ए थ्रो ऑफ डाइस' के सेट पर काम करते हुए उन्हें देविका से प्यार हुआ और उन्होंने 1929 में उनसे शादी कर ली थी।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक को साहू हेल्पलाइन ने किया सम्मान



**देवरी-सारागांव।** साहू हेल्प लाइन ने राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक अमृतलाल साहू का सम्मान किया। ज्ञात हो कि शिक्षक अमृतलाल साहू का साहू हेल्पलाइन जांजगीर शक्ति द्वारा शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। अमृत लाल साहू व्याख्याता के रूप मे चोरिया मे कार्यरत है। इनके द्वारा पुस्तक का लेखन भी किया जाता है इन्हे कई पुरूस्कार से नवाजा गया है ऐसे समाज के गौरव का आज सम्मान करने का अवसर मिला। इस अवसर पर साहू हेल्पलाइन के संयोजक अशोक साहू, साहू संघ जिला जांजगीर के अध्यक्ष बालेश्वर साहू, हेल्पलाइन के सदस्य रूप नारायण साहू, भोले शंकर साहू, हेमंत साहू, राम चरण साहू, राजकुमार साहू, सीताराम साहू आदि साहू समाज के सदस्य उपस्थित थे। शिक्षक अमृतलाल सहू ने कहा कि यह सम्मान हमारे साहू समाज के लिए गौरव का विषय है इससे समाज के अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी।

### सेवा पखवाड़ा के रुप में भाजपाई मनाएंगे प्रधानमंत्री का जन्मदिन, कार्यशाला आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर मंगलवार 9 सितंबर को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप मे जगन्नाथ पाणिग्रही प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छग, सुश्री रितू चौरसिया प्रदेश मंत्री भाजपा छग, सौरभ सिंह अध्यक्ष खनिज विकास निगम, श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चाम्पा, गिरधर गुप्ता जिला प्रभारी संगठन, नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छ ग विधानसभा, अशोक चावलानी सह प्रभारी जिला संगठन, अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा । भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने भाजपा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सेवा पखवाड़ा टोली को कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष से सभापति ने किया सौजन्य मुलाकात



**जांजगीर-चाम्पा।** अकलतरा विकासखंड क्षेत्र के कोटमीसोनार स्थित मानव सेवा आश्रम के संस्थापक गुरुदेव परमेश्वर पटेल से आशीर्वाद लेने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी से जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने सौजन्य मुलाकात किये। इस दौरान श्री साहू ने प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी से साल श्रीफल से उनका स्वागत किये। इस दौरान अश्वनी पटेल, राधेश्याम पटेल, हरिशंकर पटेल, डीगेश्वर कैवर्त, प्रभात सिंह, दिगम्बर मरावी, राजकुमार सिंह, संतोष, रामेश्वर थवाईत, दिनेश साहू मौजूद रहे।

### संभाग स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा



**जांजगीर-चांपा।** संभाग स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के हैण्डबाल खेल में नवागढ़ विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) के बच्चों ने भाग लिया, राज्य खेल विभाग के खेल कैलेण्डर अनुसार 4 सितम्बर को संभाग स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सक्ती में किया गया जिसमें बिलासपुर संभाग के हैण्डबाल प्रतियोगिता बालक बालिका जूनियर 17 वर्ष एवं मिनी 14 बर्ष के बच्चों ने भाग लिया उक्त प्रतियोगिता में जिला सक्ती, जांजगीर-चाम्पा, मुंगेली, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही, सारंगढ़, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर की टीम प्रतिभागी रहे जांजगीर जिले से जनरल मैनेजर अशोक साहू व्यायाम शिक्षक के एवं विद्यालय से शिक्षक नरेन्द्र राठौर हैण्डबाल कोच के निर्देशन में बच्चों ने आयोजन में भाग लिया, विद्यालय से 14 वर्ष बालिका वर्ग में कु. नंदनी गढ़ेवाल, नेहा रत्नाकर, खुशबू कश्यप, अंजली, चांदनी, हर्षिता, श्वेता एवं 14 वर्ष बालक वर्ग में मंयक, नैतिक, प्रशांत, अनुराग, विशाल, किशन खिलाड़ी रहे बच्चों के अच्छे खेल प्रदर्शन के साथ राज्य स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता महासमुंद के लिए चयन होने की पूर्ण संभावना है इस प्रतियोगिता के लिए संस्था के प्रधान पाठक संतोष तिवारी, सीता गढ़ेवाल, आलोक गढ़ेवाल एवं ग्राम हरदी के सरपंच अंजूलता सूर्यवंशी, उपसरपंच कविता, शिवानंद, रोहित रात्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति तथा पालको ने कोच नरेन्द्र राठौर एवं बच्चों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

---

जिले में 500 हेक्टेयर का लक्ष्य, नि:शुल्क पौधे के साथ दिया जा रहा अनुदान

# ऑयल पाम की खेती देखने सोंठी पहुंचे कलेक्टर, किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑयल पाम की खेती देखने कलेक्टर ग्राम सोंठी पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर ऑयल पाम खेती के लाभों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि यह फसल किसानों के लिए दीर्घकालिक आमदनी का मजबूत साधन बन सकती है। इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है।

बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम सोंठी में सोमवार 8 सितंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ऑयल पाम की खेती का अवलोकन किया। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर ऑयल पाम खेती के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह फसल किसानों के लिए दीर्घकालिक आमदनी का मजबूत साधन बन सकती है। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा पौधरोपण, सिंचाई, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही प्रारंभिक वर्षों में आय सुनिश्चित करने हेतु अंतरवर्ती फसलों की खेती पर भी सहायता उपलब्ध है। उन्होंने जिले में ऑयल पाम खेती को विशेष अभियान के रूप में आगे बढ़ाने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग को निर्देशित कर कहा स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ते हुए उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए और उन्हे प्रशिक्षण भी मुहैया कराया जाएगा। जिससे वह बेहतर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकेगी और आर्थिक रूप से मजबूत बनेगी। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत, सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती रंजना माखीजा, कृषक पुरुषोत्तम शर्मा, कृषि विभाग के अधिकारी, स्थानीय किसान और महिला समूह की सदस्य उपस्थित थी। सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि जिले में ऑयल पाम खेती के लिए 500 हेक्टेयर का लक्ष्य है।



ऑयल पाम की खेती का निरीक्षण करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

ऑयल पाम योजना के तहत प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये मूल्य के 143 पौधे निः शुल्क दिए जा रहे हैं। पौध रोपण, फेंसिंग, सिंचाई, रखरखाव और अंतरवर्तीय फसलों की कुल लागत लगभग चार लाख रूपए प्रति हेक्टेयर आती है। इस पर केन्द्र सरकार द्वारा 1.30 लाख रुपए तथा राज्य शासन द्वारा 1.29 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अंतरवर्ती फसल, बोरवेल, पम्प सेट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, पॉम कटर, वायर मेश, मोटाराईज्ड चिस्ल, ट्रैक्टर ट्राली के लिए भी अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। ऑयल पाम फसल का उत्पादन तीसरे वर्ष से शुरू होकर लगभग 25 से 30 वर्षों तक लगातार होता है। एक हेक्टेयर से हर वर्ष लगभग 20 टन उपज मिलने की संभावना होती है, कृषक को ढाई से तीन लाख रुपए तक की सालाना आय हो सकती है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें पूरा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को गंभीरता से लें और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, शिकायतों के निराकरण तथा जनहित के प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को आम जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न करने और विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन योजना के दौरान दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और बच्चों को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे का कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से किसानों को योजनाओं का लाभ देने में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि फाइलों के त्वरित निपटान और पारदर्शिता में वृद्धि हो।



नशामुक्ति रैली निकालते ब्रह्माकुमारिज़ संस्था के पदाधिकारी एवं नगरवासी।

## परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में बाधा उत्पन्न करता है नशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र पुरानी बस्ती वार्ड नं 10 श्री राम चौक अकलतरा से नशा मुक्ति भारत अभियान की शुरुआत उपाध्यक्ष महिला भाजपा मोर्चा सत्यभामा वैष्णव ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शांति भारते , सेवाकेंद्र प्रभारी बी के भुवनेश्वरी बहन,बी के संतोषी एवं ब्रह्माकुमारिज माउंट आबू से आये साधकों के द्वारा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

■ ब्रह्माकुमारिज़ संस्था ने श्रीराम चौक अकलतरा से की नशा मुक्ति भारत अभियान की शुरुआत

इस दौरान नगर में नशा मुक्ति रैली भी निकाली गई। यह रैली नगर के प्रमुख स्थान जैसे, रेलवे स्टेशन, सब्जी बाजार,शास्त्री चौक,पौड़ी भाटा, मिनिमाता चौक, कन्या माध्यमिक शाला,सरस्वती शिशु मंदिर, का भ्रमण करते हुए वापस सेवा केंद्र पहुंची। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी भुवनेश्वरी ने बताया कि नशा आज के समय की सबसे बड़ी सामाजिक और स्वाथ्य सम्बन्धी समस्याओ मे से एक है। यह केवल व्यक्तियों की जीवन को प्रभावित नही करता बल्कि परिवार,समाज,और राष्ट्र,की प्रगति मे भी बाधा उत्पन करता है।नशा धीरे धीरे व्यक्ति को मानसिक , शा री रि क , औ र आर्थिक रूप से कमजोर बना देता है।इसलिए नशा मुक्ति आज एक अत्यंत आवश्यक और गंभीर विषय बन गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 50 हजार लोगो को जागरूक किया गया। ब्रह्माकुमारिज़ संस्था नशा मुक्ति के लिए आध्यात्मिक मार्ग दर्शन प्रदान कर रही है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से स्कूलों, चौराहो,गॉव गॉव जाकर नशा मुक्ति का प्रतिज्ञा कराई जाती है। नशा मुक्ति अभियान अकलतरा विकासखंड के तागा, पौना, खोंड, किरारी,देव किरारी, कटनाई, तरोद इत्यादि जगहों पर चलाया जा रहा है।

### अग्रसेन जयंती समारोह के प्रथम दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**अकलतरा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन 7 सितंबर को शुभारंभ किया गया। अग्रसेन जयंती समारोह के स्वागत अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान 7 सितंबर से 21 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 22 तारीख को जयंती के उपलक्ष में धूमाल ,शिव तांडव ,अघोरी डांस ,वीर हनुमान की झांकी रथ एवं साफा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समारोह के प्रथम दिवस चारों लूडो शतरंज कर लगाओ प्रतियोगिता, रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेंस्वागत अध्यक्ष रजत अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,सुमित बगड़िया,निलेश कमानिया,संदीप अग्रवाल,विकास तुलस्यान,सुमित राठी,शिवांश अग्रवाल,महिला समिति अध्यक्ष रीना केडिया,उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ,सचिव अंजू अग्रवाल ,सहसचिव किरण तुलस्यान ,कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल ,सह कोषाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल एवं समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे।

## 1977 बैच के छात्रों का सम्मेलन, लंबे अंतराल के बाद अपनी शाला में पहुंचकर हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला से 1977 में मैट्रिक पास करने वाले छात्रों का शाला परिसर में सम्मेलन हुआ, जिसमें 40 छात्रों ने देश के विभिन्न हिस्सों से उपस्थित होकर अपने मित्रों से मुलाकात की तथा अपने स्कूल के दिनों को याद कर भाव विभोर होते रहे।

■ राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में हुआ सम्मेलन

सर्वप्रथम सभी ने अपने दिवंगत मित्रों को 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की फिर लंबे अंतराल के बाद सभी का एक दूसरे से परिचय संपन्न हुआ एवं उसके बाद सभी ने शाला के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर अपने समय की यादों को ताज किया साथ ही शाला के वर्तमान प्राचार्य आर के विश्वकर्मा से शाला संबंधी चर्चा की। इस दौरान सभी छात्रों ने अपनी पुरानी कक्षा में अपने-अपने स्थान पर बैठकर भाव विभोर होते रहे। कुछ की तो आंखों में आंसू आए तो कहीं एक दूसरे से मिलकर ठहाके गूंज उठे। सभी ने जल्द ही पुनः अपने बैच का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय करते हुए एक दूसरे से बिदा ली। कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर खंडेलिया ने बताया कि यह उनकी तीसरा सम्मेलन था। उन्होंने अपने सभी मित्रों को आमंत्रण पर आने के लिए आभार प्रदर्शित किया।



सम्मेलन में उपस्थित मैट्रिक पास करने वाले पूर्व छात्र एवं स्कूल स्टाफ।

### पितृपक्ष प्रारंभ, महामंडलेश्वर राजेश्री महंत ने पूर्वाचार्यों को किया तपर्ण



**शिवरीनारायण।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाद्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा के अवसर पर श्री दूधाधारी मठ एवं श्री जैतू साव मठ रायपुर तथा श्री शिवरीनारायण मठ के समस्त पूर्वाचार्यों को राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज द्वारा महादेव घाट खारून नदी में तर्पण करके श्री दूधाधारी मठ में समस्त पूर्वाचार्यों के निमित्त विधिपूर्वक हवन संपन्न किया। दोपहर को श्री स्वामी बालाजी, श्री राघवेन्द्र सरकार जी, गौ माता जी को भोग प्रसाद अर्पित करने के पश्चात सभी सन्तो, विप्रो, भक्तों एवं श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। यह क्रम कुंवार कृष्ण पक्ष अमावस्या जिसे पितृ विसर्जन अमावस्या भी कहते हैं पर्यन्त चलेगा। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त महाराज दशमी तिथि को छोड़कर बांकी सभी तिथियों का तर्पण खारून नदी महादेव घाट रायपुर में करते हैं। दशमी तिथि को वे शिवरीनारायण पहुंचकर महानदी त्रिवेणी संगम के बावा घाट में पूर्वाचार्यों को तर्पण करते हैं। श्री महन्त लाल दास जी महाराज की तिथि मनाई जाती है।

## केशरवानी वैश्य समिति ने मनाई महर्षि कश्यप मुनी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

केशरवानी वैश्य सभा नगर पंचायत नवागढ़ के द्वारा गोत्र गुरु महर्षि काश्यप मुनि की जयंती केशरवानी मंगल भवन नवागढ़ में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान गोत्र गुरु महर्षि कश्यप मुनि की तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना किया उसके पश्चात समस्त स्वजातीय बंधुओं के द्वारा नगर भ्रमण किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य सभा से राजेश गुप्ता, सारंगढ प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं देवेन्द्र केशरवानी प्रदेश मंत्री उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चाम्पा से विधायक व्यास नारायण कश्यप उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, वार्ड पार्षद में झाम कश्यप, बद्री प्रसाद केशरवानी, रविन्द्र केशरवानी, गोविन्द केशरवानी, उज्जवलेस केशरवानी, पिताम्बर केशरवानी, विजय केशरवानी, कुमार केशरवानी, कीर्ति केशरवानी, कांति केशरवानी, चंद्रकली केशरवानी, श्रद्धा केशरवानी, तृप्ति केशरवानी, आरती केशरवानी एवं समाज के सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक के द्वारा भवन में निमार्ण कार्य हेतु 10 लाख रुपये की सहयोग राशि एवं पार्षद झाम कश्यप के द्वारा 2 लाख रुपये की राशि घोषणा की गयी।



कार्यक्रम में अतिथि के साथ उपस्थित समाज के लोग।

## छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार 8 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सक्ती में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस मौके पर द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सक्ती श्रीमती लीना अग्रवाल द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हर साल 8 सितंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करना और निरक्षरता को खत्म करना है साथ ही उन्हें मोटर व्हीकल एक्ट और बालकों के अधिकार एवं अन्य कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती श्रीमती गंगा पटेल द्वारा छात्राओं को पास्को एक्ट, गुड टच बैड टच उनके अधिकारों की जानकारी दी, ताकि वे किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या का सामना करने में सक्षम हो सके। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व भारतमाता के चित्रों पर पूजा अर्चना एवं दीप वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्राचार्य पूरनगिरी गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर किरण चौहान, रामनरेश यादव, पवन साहू, जुगनू राम रात्रे, बिहारी लाल राठौर, मानकुंवर, रजनी यादव और पैरालीगल वॉलिंटियर मनीष साहू, प्रहलाद बंजारे व शिक्षकगण उपस्थित रहे।



उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते न्यायाधीश।

भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर जगह-जगह हुआ स्वागत

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे सरकार की योजनाएं : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े का प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशीपूर्ण उनका स्वागत किया। इसके बाद वे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे।

मुख्य अभ्यागत नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। अनुसूचित जाति मोर्चा का दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि एक सामाजिक सरोकार है। हमें समाज के उन तबकों तक पहुंचना है, जिन्हें अब तक उनके अधिकारों और विकास योजनाओं से वंचित रखा गया है। प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति समाज का कल्याण व सम्मान दिलाने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। अध्यक्षीय भाषण देते हुए जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सनम जांगड़े का जिले में प्रथम आगमन हुआ है। जिले सहित पुरे प्रदेश मे अनुसूचित जाति की बहुत बड़ी संख्या है। सनम जांगड़े केद प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उनके नेतृत्व मे पुरे प्रदेश मे अनुसूचित जाति की वोट संख्या मे इजाफा होगा और हमारे जिले की तीनो विधानसभा सीट भाजपा जीतेगी। अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला पाटले ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि पुरे देश मे भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसने अनुसूचित जाति को सम्मान दिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े ने व आभार अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष लहरे ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, रेखा गढ़ेवाल, नंद चौधरी, चुन्नीलाल साहू, खिलावन साहू, धनंजय सिंह, पंकज अग्रवाल, समीर शुक्ला, रजनी साहू, आशुतोष गोस्वामी, संतोषी दुबे, हितेश यादव, लोकेश शुक्ला, रवि पांडेय, राजकुमार साहू, मोहन यादव, मोतीलाल डहरिया, विवेक सिंह, दिनेश राठौर पलाश चंदेल, मयंक परमहंस सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

